### पानी की टंकी बंद होने पर अनेक मोहल्ले होते हैं बेहाल—वैकल्पिक जलस्रोतों पर प्रशासन की ताला नीति, जल जीवन मिशन के साए में दम तोड़ते हैंडपंप


# लापरवाही की भेंट चढ़े हैंडपंप से लाखों का ढांचा जमींदोज

राकेश नगाइच

**नवभारत, बेलखाडू ( जबलपुर )।** एक तरफ सरकार जल जीवन मिशन के ज़रिए हर घर नल से जल पहुंचाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर गांवों में पहले से मौजूद वैकल्पिक जलस्रोत हैंडपंप प्रशासन की अनदेखी के कारण दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। बेलखाडू गांव में आधा दर्जन से ज्यादा हैंडपंप महीनों से बंद पड़े हैं, जिनकी सुध लेने वाला कोई नहीं।

गांव में जल जीवन मिशन के तहत घर-घर पाइपलाइन से पानी की सप्लाई की जा रही है, लेकिन जरा सी तकनीकी खराबी या टंकी से सप्लाई बंद होते ही ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ता है। ऐसे समय में ये हैंडपंप ही जनता का सहारा बनते थे, परंतु आज वे खुद मरम्मत के मोहताज हैं।


पुलिस चौकी के सामने बंद पड़ा हैंडपम्प


पड़ाव बस्ती में बंद पड़ा हैंडपम्प


भगत क्लीनिक के सामने वाली लाइन में बंद पड़ा हैंडपंप

### कहीं पुराने पाइप, जंग भरा पानी और कहीं पूरी तरह खराब हैंडपंप

कई हैंडपंपों से या तो जंग मिला गंदा पानी निकलता है, या फिर वे पूरी तरह खराब हो चुके हैं। कहीं पाइप सड़ चुके हैं तो कहीं हैंडपंप जमीन में धंसते जा रहे हैं। सरकारी हजारों रुपये से खुदवाए गए ये हैंडपंप आज बेकार पड़े हैं, और उनका पैसा मिट्टी में मिलते साफ नजर आ रहा है।

### गरीब और बिना कनेक्शन वाले सबसे ज्यादा परेशान

गांव में आज भी कई परिवार ऐसे हैं जिनके घरों में नल कनेक्शन नहीं है। ऐसे में उन्हें दूर-दराज से पानी ढोने को मजबूर होना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं, जब पानी की मांग बढ़ती है और सप्लाई जवाब दे जाती है।

### राहगीरों की प्यास बुझाने वाले भी हुए बंद

मुख्य मार्ग और सड़क किनारे लगे हैंडपंप राहगीरों और वाहन चालकों के लिए राहत का जरिया थे, लेकिन आज वे भी बंद पड़े हैं। यह नजारा बेलखाडू गांव में पुलिस चौकी के सामने , पड़ाव बस्ती, साहू मोहल्ला, रज्जन लखेरा के घर के सामने पडरिया रोड , रामबाग और मुख्य मार्ग सहित कई गांव में देखने को मिला।

### किसकी तय होगी जिम्मेदारी

सबसे बड़ा सवाल यह है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की जिम्मेदारी खत्म हो गई,ग्राम पंचायत का दायित्व केवल कागजों तक सीमित रह गया है , या जल जीवन मिशन आने के बाद पुराने जलस्त्रोतों को यूं ही मरने के लिए छोड़ दिया गया ।

### मोहास में किराए पर मोहल्ले में लिया पानी

बेलखाडू के मोहास रामबाग मोहल्ले में गर्मी के मौसम में पानी की टंकी बंद होने पर मोहल्ले वाले आस पास पड़ोस में रुपए देकर पानी लिए,साथ ही जहां पानी की टंकी नहीं है साथ ही हैंडपंप बिगड़े हुए हैं वहां के मोहल्ले वाले आस पास पड़ोस में मासिक रुपए भुगतान पर पानी लेते हैं। ग्राम हरदुआ, निरंदपुर, नूनसर जैसे कई स्थानों पर पानी टंकी का निर्माण वर्षों पूर्व हो गया लेकिन पानी ग्रामीणों को आज तक नहीं मिल सका। ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्य का मूल्यांकन भी हो गया पर प्रशासन ने गांव में वास्तविक स्थिति से वाकिफ होने की जहमत नहीं उठाई।

### मरम्मत का जनता कर रही इंतजार

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इन हैंडपंपों की मरम्मत करा दी जाए, तो पानी संकट के समय बड़ा सहारा मिल सकता है। लेकिन फिलहाल जनता जिम्मेदारों की नींद टूटने का इंतजार कर रही है। अब देखना यह है कि प्रशासन इन बंद पड़े हैंडपंपों को चालू कर जनता को राहत देता है या फिर सरकारी धन की यह बर्बादी यूं ही चलती रहेगी।



# श्रद्धा और संगठन की शक्ति के साथ निकली शौर्य यात्रा

### बजरंग दल-विश्व हिन्दू परिषद के आयोजन में उमड़ा जनसैलाब

**नवभारत,जबलपुर।** शनिवार को बजरंग दल एवं विश्व हिन्दू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शौर्य यात्रा ने पूरे नगर को सनातन चेतना, राष्ट्रभक्ति और संगठनात्मक एकता से ओत-प्रोत कर दिया। अनुशासन, उत्साह और व्यापक सहभागिता के साथ निकली इस यात्रा ने नगरवासियों पर गहरा प्रभाव छोड़ा। कार्यक्रम में किशन प्रजापत (केंद्र), विश्ववर्धन भट्ट (क्षेत्र संयोजक) सहित विभाग मंत्री, विभाग संयोजक, जिला मंत्री/संयोजक, प्रखंड एवं खंड के पदाधिकारी तथा सैकड़ों की संख्या में सनातनी बंधुओं की उपस्थिति रही। शौर्य यात्रा के मार्ग में पुष्पवर्षा, ढोल-नगाड़े और जयघोष से वातावरण गूंज उठा। जय श्रीराम, भारत माता की जय और बजरंगबली की जय के नारों से नगर भगवामय हो गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अभिलाष पांडेय एवं नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर भी उपस्थित रहे। आयोजकों के अनुसार, यह शौर्य यात्रा सनातन संस्कृति की शक्ति, संगठन की एकता और राष्ट्रधर्म के प्रति अटूट संकल्प का प्रतीक बनकर आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी।



# सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड को मिली शौचालय की सौगात

### व्यापारियों, रहवासियों की मांग पर विधायक ने किया अमल

**नवभारत,जबलपुर।** व्यापारियों व स्थानीयजनों की मांग पर विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने उत्तर मध्य विधानसभा के अंतर्गत सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड में शौचालय की सौगात दी है। इस संबंध में विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने बताया कि उत्तर मध्य विधानसभा के अंतर्गत सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड में व्यापारियों की वर्षों की समस्या थी,जब मैं यहां आया तो मुझे व्यापारियों ने बताया कि हम लगभग 20 साल से इस बात को लेकर परेशान हैं ।यहां पर व्यापारिक प्रतिष्ठान तो है परन्तु शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है ,कुछ महिलाओं ने भी इसकी शिकायत की थी, आज मुझे ये बताते हुए प्रसन्नता है कि अब यहां शौचालय का निर्माण किया गया है एवं उसका विधिवत उद्घाटन भी किया गया है इससे व्यापारियों ,आम नागरिक और महिलाओं तीनों को इसका लाभ मिलेगा। उद्घाटन के दौरान विधायक ने ये भी कहा कि शौचालय की देखरेख की जिम्मेदारी आप सभी की है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अमर पटेल,भाजपा नेता संजू पचौरी,स्थानीय व्यापारिजन एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से कम्प्यूटर सिस्टम चोरी


**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से कम्प्यूटर सिस्टम चोरी हो गया।पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक नीरज बर्मन 40 वर्ष निवासी ग्राम उमरिया चौबे ने शहुनिवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चौबे उमरिया में प्राईवेट कम्प्यूटर आपरेटर का काम करता है। 24 दिसम्बर को शाम लगभग 5 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चौबे उमरिया का बंद होने के बाद सभी स्टाफअपने अपने घर चल गये थे। 26 दिसम्बर को लगभग 11-30 बजे वह ड्यूटी पर जाकर देखा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चौबे उमरिया के कम्प्यूटर वाले रूम में जाकर देखा डेल कम्पनी का कम्पलीट शासकीय कम्प्यूटर सिस्टम गायब था, कम्प्यूटर रूम के पीछे की खिड़की टूटी हुई थी कोई अज्ञात खिड़की तोड़कर रूम में अंदर घुसकर कम्प्यूटर सिस्टम (मॉनीटर, सीपीयू, माउस, बेब कैमरा, वाई फाई डिवाइस, कीबोर्ड, इनवर्टर) चोरी कर ले गया है।

# संत महिमा और गुरु कृपा से ही संभव है भवसागर से मुक्ति

### पाटबाबा मंदिर में आध्यात्मिक चर्चा

**सिहोरा, नवभारत।** प्रसिद्ध पाट बाबा मंदिर में आयोजित विशेष प्रवचनमाला के तृतीय दिवस पर आज प्रख्यात विद्वानों और संतों ने भक्ति, समर्पण और गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पंडित ब्रजेश दीक्षित ने संत की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि संतों का जीवन परोपकार के लिए होता है और उनकी कृपा मात्र से ही मनुष्य के जीवन का अंधकार मिट जाता है। संत ही वह माध्यम हैं जो भक्त को भगवान के मार्ग से जोड़ते हैं।

इसी क्रम में पंडित अखिलेश शास्त्री जी ने नवयोगेश्वर प्रसंग का वर्णन करते हुए भक्त के समर्पण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य को वास्तविक शांति और आनंद की अनुभूति करनी है, तो उसे अपने 'मन, वचन और कर्म' को पूर्णतः ठाकुर जी के चरणों में समर्पित कर देना चाहिए। जब भक्त स्वयं को परमात्मा को सौंप देता है, तो उसकी समस्त चिंताओं का भार स्वयं ईश्वर वहन करते हैं।



### परमात्मा का अनुशासन और गुरु की अनिवार्यता

अध्यात्म की इस पावन धारा को आगे बढ़ाते हुए पूज्य रवि पूरी मोनी जी ने उपस्थित जनसमूह को बताया कि यह संपूर्ण सृष्टि परमात्मा के शासन के अधीन है और उनके विधान के बाहर कुछ भी नहीं है। उन्होंने जीवन में गुरु की आवश्यकता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जीवन के कष्टों से मुक्ति पाने का एकमात्र मार्ग सद्गुरु की शरण है। ईश्वर ने हमें संसार के मायाजाल में भेजा है, लेकिन गुरु वह शक्ति हैं जो हमें इस संसार से विरक्त कर परमात्मा तक पहुँचाते हैं। महाराज श्री ने आगे कहा कि गुरु का स्थान ईश्वर से भी परे माना गया है, क्योंकि गुरु वशिष्ठ जैसे महान मार्गदर्शक ही शिष्य को संसार में फँसाने के बजाय संसार से मुक्त होने का मार्ग दिखाते हैं। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया और सत्संग की इस अमृत वर्षा का लाभ उठाया।



# पीएम श्री शासकीय कन्या विद्यालय पनागर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**नवभारत,पनागर।** पनागर स्थित पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 26 व 27 दिसंबर 2025 को दो दिवसीय शालेय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। खेल, अनुशासन और उत्साह से परिपूर्ण इस आयोजन में छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि तृप्ति सेंगर एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी पनागर सुश्री सोनम कटारे द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व प्राचार्य वी.पी. यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती उषा रैकवार ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। खेल उत्सव की शुरुआत छात्राओं द्वारा प्रस्तुत भव्य एवं अनुशासित मार्च-पास्ट से हुई, जिसकी सलामी अतिथियों ने ली। दो दिवसीय प्रतियोगिता में जूनियर एवं सीनियर वर्ग की छात्राओं के बीच 50 मीटर व 100 मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो एवं बैडमिंटन जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मैदान पर छात्राओं के जोश, खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह ने उपस्थित दर्शकों एवं शिक्षकों को प्रभावित किया। विद्यालय स्तर पर आयोजित इस खेलकूद प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं का शारीरिक एवं मानसिक विकास, साथ ही उनमें नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिताओं के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल, जनपद अध्यक्ष, नगर पालिका उपाध्यक्ष महेंद्र चक्रवर्ती एवं बीईओ सुश्री सोनम कटारे विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता छात्राओं को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और कन्याओं का खेलों में आगे बढ़ना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य उषा रैकवार ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, सहयोगियों एवं छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस प्रकार यह दो दिवसीय खेल उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

# प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा पर हो



### कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक, दिए निर्देश

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरणों के निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, किसानों के ई-केवयासी, खसरे में आधार लिंकिंग आदि प्रकरणों पर तहसीलदार चर्चा कर कहा कि शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। इसके अलावा राजस्व रिकार्डों के डिजिटाइजेशन, राजस्?व वसूली, भू-अर्जन, भूमि आवंटन के प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की पेंडेंसी खत्म करने के लिये आरसीएमएस में रोजाना दर्ज होने वाले प्रकरणों से अधिक का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों दिये। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन की तहसीलवार समीक्षा की। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में तत्परता बरतने की हिदायत देते हुये कहा कि शिकायतों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण और आवेदक की संतुष्टि के साथ किया जाये। बैठक के दौरान उन्होंने धान उपार्जन, अवमानना के प्रकरण व अन-?य लंबित प्रकरणों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद थे।

# छात्र को बेरहमी से पीटा, वीडियो बना किया वायरल

**मझौली, नवभारत।** मझौली थाना अंतर्गत चौकी इंदाना क्षेत्र में एक छात्र की बेरहमी से पिटाई की बल्कि आरोपियों ने मारपीट का वीडियो भी बनाया जिसे वायरल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर मारपीट, धमकाने समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार अमन सिंह राजपूत, निवासी उमरिया ढिरहा, कक्षा 11वीं का छात्र है। 22 दिसंबर को वह अपने दोस्त साहिल काछी के साथ चंदन बाग स्थित हनुमान मंदिर गया था। वहां उसकी सहपाठी छात्रा प्रिया गडारी अपने मित्र राजा चौहान के साथ मौजूद थी। इसी बात को लेकर विवाद खड़ा हो गया। स्कूल में इस बात की जानकारी शिक्षक को मिलने पर छात्रा के परिजनों ने उसे डांटा, जिससे नाराज होकर राजा चौहान ने बदले की साजिश रच डाली। 24 दिसंबर की शाम करीब 3 बजे राजा चौहान ने अपने साथी शिवा राजपूत और राज राजपूत के साथ मिलकर पहले अमन के दोस्त दुर्गेश कुर्मी को पकड़ा, फिर साहिल काछी के माध्यम से अमन को बर्रा धाम, इंदाना बुलवाया। वहां तीनों आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अमन और साहिल के साथ हॉकी और डंडों से बेरहमी से मारपीट की गई। आरोपियों ने इस पूरी घटना का वीडियो भी बनाया जिसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर राजा चौहान, शिवा राजपूत और राज राजपूत के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# डीजीपी सहित अन्य से जवाब तलब

### टीआई की वेतन वृद्धि रोकने का मामला, जांच रिकॉर्ड पेश करने के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक थाना प्रभारी की वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने पर रोक लगा दी है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने विभागीय जांच के साथ रिकॉर्ड पेश करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही एकलपीठ ने गृह विभाग के प्रमुख सचिव, डीजीपी और आईजी भोपाल को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। दरअसल भोपाल निवासी भगवान दास बीरा की ओर से बताया गया कि विदिशा में गांजा तस्करों को पकड़ने वाली पुलिस टीम पर हमला हुआ था। याचिकाकर्ता पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने समय पर मामले में कार्रवाई नहीं की। जनवरी 2020 को चार्जशीट दी गई। बाद में आईजी ने संचयी प्रभाव से एक वार्षिक वेतनवृद्धि रोक दी। याचिका में दलील दी गई कि चूंकि टीआई एक गजटेड पोस्ट है, इसलिए नियमानुसार आईजी उन्हें दंडित नहीं कर सकते। सुनवाई के बाद न्यायालय ने अगली सुनवाई के दौरान विभागीय जांच के रिकॉर्ड पेश करने के साथ ही उक्त निर्देश दिये।

## विनोद पटेल का निधन

**नवभारत,बेलखाडू।** ग्राम नगना निवासी विनोद पटेल का 50 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे नन्द किशोर पटेल, संतोष पटेल के भाई, मोहित पटेल के पिता रहे। अंतिम संस्कार नगना में संपन्न हुआ।



## एमबी श्रीवास्तव दिवंगत

**जबलपुर, नवभारत।** अधिवक्ता जितेश श्रीवास्तव के पिता सीनियर एडवोकेट एम. बी. श्रीवास्तव का शनिवार सुबह 8 बजे स्वर्गवास हो गया है। अंतिम संस्कार करिया पत्थर मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।





# छठी शरीफ पर गूंजे गरीब नवाज के कलाम

**नवभारत,जबलपुर।** अजमेर शरीफ के महान सूफ़ी संत हज़रत ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती ग़रीब नवाज़ रहमतुल्लाह अलैह के उर्स की छठी शरीफ के अवसर पर जबलपुर में अकीदत और एहतराम के साथ धार्मिक आयोजन हुए। मुस्लिम बहुल इलाक़ों और दरगाहों में कुल शरीफ, चादरपोशी, लंगर और महफिल-ए-समा का आयोजन किया गया। हाईकोर्ट के सामने स्थित हज़रत कचहरी वाले बाबा की दरगाह में मगरिब के बाद चादरपोशी व गुलपोशी की गई, वहीं रात में क़व्वालों ने ग़रीब नवाज़ की शान में कलाम पेश किए। मदन महल पहाड़ी स्थित दरबार-ए-ख़्वाजा में भी कुल शरीफ व चादर शरीफ का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। इस मौके पर अकीदतमंदों ने अमन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी तथा तबर्रुक तक़सीम किया गया। आयोजन ने शहर में सूफ़ी परंपरा और आपसी सद्भाव का संदेश दिया।

# राशन वितरण को लेकर दो पक्ष भिड़े, चार घायल

### वीडियो वायरल, काउंटर केस दर्ज

**जबलपुर, नवभारत।** गोसलपुर थाना क्षेत्र में राशन वितरण को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। महिलाओं-पुरूषों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की जिसमें चार लोग घायल हुए। मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक गोसलपुर कछपुरा गांव में करीब दो साल पहले शासकीय उचित मूल्य की दुकान खुली थी। जिसका संचालक अध्यक्ष पूजा पटेल और सचिव अर्चना पटेल समेत समूह की महिला सदस्य संयुक्त रूप से करती आ रही थी। वर्तमान में अर्चना पटैल अध्यक्ष बनी और पूजा सचिव बनाई गई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच



मनमुटाव शुरू हुआ। इसके साथ ही आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी चलता रह। कल विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आपस में टकरा गए। एक दूसरे के साथ मारपीट की। पूजा पटेल की रिपोर्ट पर रंजीत पटैल, अर्चना पटेल, भाग्यचंद पटैल, शशि बाई के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है जबकि अर्जना पटैल की रिपोर्ट पर पूजा पटेल, युद्धवीर पटेल, प्रांशु पटेल, रुक्मिणी पटेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।


**पश्चिम मध्य रेल**

**इंजीनियरिंग विभाग-खुली निविदा**

निम्न लिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **क्र. सं.-01-निविदा सूचना क्रमांक**-डीआरएम-डब्ल्यू-जे.बी.पी. 208-2025 दि. 22.12.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर उप-मंडल के अंतर्गत भिटोनी डिपो में रेलवे के ट्रैक गिट्टी आईएस/आरडीएसओ-जीई/0001:2023 विनिर्देशन के अनुसार 65 एम.एम. मशीन क्रश हार्ड और ड्यूरेबल ट्रैक स्टोन गिट्टी की आपूर्ति, स्टैकिंग और लोडिंग, जिसमें सभी लीड, लिफ्ट, कर, रॉयल्टी, शुल्क आदि शामिल हैं। **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपए**-7,51,88,400/-, **बयाना राशि रुपए**-5,26,000/-, **समापन अवधि**-14 माह, **क्र. सं.-02-निविदा सूचना क्रमांक**-डीआरएम-डब्ल्यू-जे.बी.पी. 209-2025 दि. 23.12.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत कटनी-मानिकपुर और सतना- रीवा खंड में ठेकेदार की पीक्यूआरएस द्वारा एवं अनिवार्य बिंदुओं पर मैन्युअली सीटीआर 18.90 किमी और टीएसआर 33.35 किमी (कुल 52.25 किमी) का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपए**-9,85,54,426/-, **बयाना राशि रुपए**-6,42,800/-, **समापन अवधि**-12माह, **क्र. सं.-03-निविदा सूचना क्रमांक**-डीआरएम डब्ल्यू-जे.बी.पी. 210-2025 दि. 24.12.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण) सतना उप-मंडल के अंतर्गत पटवारा, झुकेही, पकरिया रोड, अमदरा, मेहगांव, ननवारा और लाल नगर रेलवे कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टर की मरम्मत का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपए**-85,00,323/-, **बयाना राशि रुपए**-1,70,000/-, **समापन अवधि**-12 माह, **क्र. सं.-04-निविदा सूचना क्रमांक**-डीआरएम-डब्ल्यू-जे.बी.पी. 211-2025 दि. 24.12.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत दो विविध कार्य भाग 1:- सहायक मंडल अभियंता (उत्तर) सतना उप-मंडल के अंतर्गत रीवा में ड्यूटी रूम, स्टोर रूम, शौचालय, महिला परिवर्तन कक्ष आदि की सुविधा के साथ सब / स्टेशन का पुनर्वास- नवीनीकरण । भाग 2:- सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण) सतना उप-मंडल के अंतर्गत मैहर स्टेशन पर शौचालय सहित इलेक्ट्रिक सबस्टेशन- पैनल भवन का निर्माण। **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपए**-1,29,73,665/-, **बयाना राशि रुपए**-2,14,900/-, **समापन अवधि**-12माह, **क्र. सं.-05-निविदा सूचना क्रमांक**-डी आर एम-डब्ल्यू-जे.बी.पी. 212-2025 दि. 24.12.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-मंडल अभियंता (मुख्यालय) /जबलपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत चार विविध कार्य- **भाग-1** : सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अंतर्गत नए महाप्रबंधक भवन, जबलपुर की तीसरी मंजिल पर विद्युत विभाग (पीसीईई कार्यालय) के मरम्मत/पुनर्निर्माण का कार्य। **भाग-2** : सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अंतर्गत पूर्व हाउबाग (Howbag)/एन.जी. रेलवे स्टेशन में रेलवे की भूमि की सफाई एवं समतलीकरण का कार्य, चारदीवारी/फेंसिंग सहित, ताकि अतिक्रमण रोका जा सके एवं भूमि का रेलवे उपयोग हेतु संरक्षण किया जा सके। **भाग-3** : सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अंतर्गत महाप्रबंधक भवन, जबलपुर स्थित मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल की मरम्मत का कार्य । **भाग-4** : सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अंतर्गत महाप्रबंधक कोर भवन, जबलपुर स्थित चिकित्सा विभाग मुख्यालय कार्यालय की मरम्मत/पुनर्निर्माण का कार्य । **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपए**-95,21,600/-, **बयाना राशि रुपए**-1,90,400/-, **समापन अवधि**-12 माह, **उपरोक्त सभी निविदाओं के प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : 15.00 बजे तक**-16.01.2026 है। **उपरोक्त सभी निविदाओं के खुलने की तिथि एवं समय 15.15 बजे**-16.01.2026। उपरोक्त ई- निविदा सूचना की संपूर्ण जानकारी बेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**( हस्ता. )**

**मंडल रेल प्रबंधक ( कार्य ) जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर